एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
( भारत सरकार का उद्यम )

**विज्ञापन सं. 03 / 2023** दिनांक: 15.03.2023

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का अनुसूची 'क' का एक प्रमुख नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी ने 182.85 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया जबकि इसकी कुल आय 5734.20 करोड़ रुपये रही है। निर्माण क्षेत्र में सशक्त होने के कारण, एनबीसीसी की पूरे भारत के साथ-साथ वैश्विक उपस्थिति भी है।

भारतीय मानक ब्यूरो से परियोजना प्रबंधन परामर्श तथा परियोजनाओं के निष्पादन के संबंध में आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त कंपनी के वर्तमान प्रचालन क्षेत्र मुख्य रूप से चार क्षेत्रों अर्थात् (i) पुनर्विकास सहित परियोजना प्रबंधन परामर्श (पी.एम.सी.) (ii) स्थावर संपदा विकास और (iii) ई.पी.सी. संविदा तथा (iv) स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में वर्गीकृत हैं।

भारत और विदेश दोनों में अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना के लिए कंपनी को नियमित आधार पर ऐसे ऊर्जावान और परिणामोन्मुखी व्यावसायिकों की आवश्यकता है जो उत्कृष्टता प्राप्त करने और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हों।

| क्र.सं. | पद / वेतनमान (आई.डी.ए.) / रिक्ति (रिक्तियों) की संख्या | अंतिम तिथि को अधिकतम आयु | अनिवार्य अर्हता | अर्हता के बाद अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **महाप्रबंधक (इंजी.)**<br><br>**आई.डी.ए. वेतनमान –**<br><br>**90,000-2,40,000 रुपये, ई-6**<br><br>**कुल- 05**<br><br>**अनारक्षित-01**<br>**ई.डब्ल्यू.एस-01**<br>**अ.पि.व. (एन.सी.एल.) – 02**<br>**(01 बैकलॉग सहित)**<br>**अनु.ज.जा.-01** | 49 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सिविल इंजीनियरी में पूर्णकालिक उपाधि अथवा समतुल्य। | पी.एम.सी. / ई.पी.सी. / रियल एस्टेट / अवसंरचना के क्षेत्र में कुल 15 वर्षों का अनुभव। यदि पी.एस.यू. / सरकार में कार्यरत हैं तो ठीक इससे एक स्तर निचले पद (ई-5) वेतनमान 80,000-2,20,000/- रुपये (आई.डी.ए.) में अथवा स्तर-13 1,23,100-2,15,900/- रुपये (सी.डी.ए.) में न्यूनतम 02 वर्षों की अवधि से वर्तमान में नियमित आधार पर कार्यरत होना चाहिए या अन्यथा यदि निजी क्षेत्र की कंपनी / बैंक में कार्यरत हैं तो पिछले दो वर्षों से 28 लाख रुपये की न्यूनतम वार्षिक सी.टी.सी. आहरण कर रहे हों।<br><br>अभ्यर्थी के पास विविध प्रकार की वृहत मूल्य वाली परियोजनाओं (आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, संस्थानिक, हाइवे, रेलवे तथा अवसंरचना क्षेत्र आदि) के संपूर्ण निष्पादन एवं मॉनिटरिंग का अनुभव होना चाहिए। सी.पी.डब्ल्यू.डी., एफ.आई.डी.आई.सी. शर्तों इत्यादि सहित विभिन्न निविदा फार्मेटों का संपूर्ण ज्ञान होना चाहिए। परियोजना बजट, नकदी प्रवाह इत्यादि तैयार करने में दक्षता होनी चाहिए। विविध क्षेत्रों के इंजीनियरों के दल का नेतृत्व करने तथा स्वतंत्र रूप से प्रभाग / क्षेत्र को संभालने की क्षमता होनी चाहिए। पी.पी.पी. परियोजनाओं तथा प्रबंधन के लिए प्रस्तुतीकरण तैयार करने का ज्ञान होना चाहिए। वरिष्ठ पदों से जुड़े हुए सामान्य कार्यों जैसे निगमित मामलों, व्यापार प्रसार, आर्बिट्रेशन, दावे तथा सरकारी विभागों / मंत्रालयों के साथ संपर्क कार्यों का अनुभव होना चाहिए।<br><br>कंप्यूटर के उपयोग में दक्ष अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 02 | **अपर महाप्रबंधक (निगमित संचार)**<br><br>**आई.डी.ए. वेतनमान –**<br><br>**80,000-2,20,000 रुपये, ई-5**<br><br>**पद की संख्या - 01**<br><br>**(अनारक्षित-01)** | 45 वर्ष | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से मास कम्युनिकेशन / पत्रकारिता / विज्ञापन एवं जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा। | कुल 12 वर्षों का अनुभव। यदि पी.एस.यू. / सरकार में कार्यरत हैं तो ठीक इससे एक स्तर निचले पद (ई-4) वेतनमान 70,000-2,00,000/- रुपये (आई.डी.ए.) में अथवा स्तर-12 78,800-2,09,900/- रुपये (सी.डी.ए.) में न्यूनतम 02 वर्षों की अवधि से वर्तमान में नियमित आधार पर कार्यरत होना चाहिए या अन्यथा यदि निजी क्षेत्र की कंपनी / बैंक में कार्यरत हैं तो पिछले दो वर्षों से 25 लाख रुपये की न्यूनतम वार्षिक सी.टी.सी. आहरण कर रहे हों।<br><br>अभ्यर्थी को पब्लिक डोमेन में कॉर्पोरेट इमेजिंग, आंतरिक-संचार, न्यूज़लेटर / अन्य प्रकाशनों की डिजाइन और प्रकाशन, मीडिया प्रबंधन में अनुभव होना चाहिए। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मास मीडिया के साथ-साथ विज्ञापन का गहन ज्ञान। अभ्यर्थी के पास अंग्रेजी का उत्कृष्ट ज्ञान- लिखित और मौखिक दोनों- होना चाहिए।<br><br>कंप्यूटर के उपयोग में ज्ञान और प्रवीणता रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 03 | **अपर महाप्रबंधक (सिस्टम्स)**<br><br>**आई.डी.ए. वेतनमान –**<br><br>**80,000-2,20,000 रुपये, ई-5**<br><br>**पद की संख्या - 01**<br><br>**(अनारक्षित-01)** | 45 वर्ष | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरी / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरी में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि। | कुल 12 वर्षों का अनुभव। यदि पी.एस.यू. / सरकार में कार्यरत हैं तो ठीक इससे एक स्तर निचले पद (ई-4) वेतनमान 70,000-2,00,000/- रुपये (आई.डी.ए.) में अथवा स्तर-12 78,800-2,09,900/- रुपये (सी.डी.ए.) में न्यूनतम 02 वर्षों की अवधि से वर्तमान में नियमित आधार पर कार्यरत होना चाहिए या अन्यथा यदि निजी क्षेत्र की कंपनी / बैंक में कार्यरत हैं तो पिछले दो वर्षों से 25 लाख रुपये की न्यूनतम वार्षिक सी.टी.सी. आहरण कर रहे हों।<br><br>अभ्यर्थी को ई.आर.पी. एनवायरन्मेंट और वेब डिजाइनिंग, डेटाबेस, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, नेटवर्क और संबद्ध उपस्करों सहित सूचना प्रणाली / संचार प्रणाली के रखरखाव में पारंगत होना चाहिए।<br><br>वांछनीय अर्हता: सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि धारक अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 04 | **सहायक प्रबंधक (सॉफ्टवेयर डेवलपर)**<br><br>**आई.डी.ए. वेतनमान –**<br><br>**40,000-1,40,000 रुपये, ई-1**<br><br>**कुल - 01**<br><br>**अ.पि.व. (एन.सी.एल.) - 01** | अ.पि.व. (एन.सी.एल.) - 33 वर्ष | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से 60% कुल अंकों के साथ कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी / सूचना प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि अथवा मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) उपाधि। | सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग, ई.आर.पी. डेवलपमेंट और अनुरक्षण में न्यूनतम दो (02) वर्ष का अनुभव।<br><br>एम.टेक. कोर्स धारक अभ्यर्थी को अनुभव में 01 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। |

**आवेदन करने की प्रक्रिया-**

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व **सामान्य अनुदेशों** को पढ़ना आवश्यक है।

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित लिंक, **एनबीसीसी की वेबसाइट** www.nbccindia.in **पर "मानव संसाधन के तहत करियर" शीर्ष के अंतर्गत दिनाँक 16.03. 2023 को 10:00 बजे से उपलब्ध रहेगा। अंतिम रूप से ऑनलाइन आवेदन जमा करने का लिंक, दिनाँक 15.04. 2023 को 17:00 बजे तक खुला रहेगा।** आवेदन का कोई अन्य प्रकार / माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि** | **16.03. 2023 को 1000 बजे से** |
| **ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **15.04. 2023 को 1700 बजे तक** |

ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित की स्कैन की हुई प्रति तैयार रखनी चाहिए-

i. जे.पी.जी. / जे.पी.ई.जी. फॉर्मेट में पासपोर्ट आकार का फोटो (आकार 40 केबी से 100 केबी तक) व हस्ताक्षर (आकार 20 केबी से 50 केबी तक)
ii. अनु.जाति / अनु.जनजाति / अ.पि.व. (गैर क्रीमी लेयर) / ई.डब्ल्यू.एस. / पी.डब्ल्यू.डी. / ई.एस.एम. प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (आकार 100 केबी से 300 केबी तक)
iii. जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मैट्रिक / सेकंडरी प्रमाणपत्र।
iv. अनिवार्य शैक्षिक अर्हताओं के सभी आवश्यक पास प्रमाणपत्र और अंकतालिकाएं जो आपको पद के लिए पात्र बनाती हैं और अन्य अर्हताएं, यदि कोई हो।
v. सभी अर्हता-पश्चात् अनुभव प्रमाणपत्र (वर्तमान नियोक्ता सहित) जो पद का कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्त होने की तिथि (अर्थात् अनुभव प्रमाणपत्र, विगत 3 माह की वेतन पर्ची, फॉर्म-16, कार्यमुक्ति आदेश आदि) को स्पष्ट रूप से इंगित करते हों।

अभ्यर्थियों को कम से कम एक वर्ष के लिए अपनी ई-मेल आईडी सक्रिय रखनी होगी। । अभ्यर्थियों को सही ई-मेल पता देना होगा । किसी भी कारण से ई-मेल प्रेषित न होने या विलंब से प्राप्त होने की स्थिति में कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी । अभ्यर्थी सभी संगत विवरणों के साथ ऑनलाइन फार्म भरें। ऊपर बताए अनुसार फोटो, हस्ताक्षर, अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. (एन.सी.एल.) / ई.डब्ल्यू.एस. / पी.डब्ल्यू.डी. प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), सभी अनिवार्य शैक्षिक और अनिवार्य अर्हता पश्चात अनुभव दस्तावेजों (यदि लागू हो) की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करें। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एनबीसीसी ऑनलाइन आवेदन में भरे गए संगत विवरण जैसे नाम, जन्म तिथि, पता आदि सही हो। अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन जमा हो जाने के बाद आवेदन प्रपत्र में अतिरिक्त जानकारी जोड़ने के किसी भी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में कोई विचार नहीं किया जाएगा। शुल्क के भुगतान के संबंध में विस्तृत प्रक्रिया को "आवेदन शुल्क का भुगतान" के अंतर्गत समझाया गया है।

**आवेदन शुल्क का भुगतान-**

आवेदकों / अभ्यर्थियों को **1,000/- रुपये** की अप्रतिदेय राशि का भुगतान करना होगा :

अभ्यर्थियों को उनके लेनदेन बैंक से कर / प्रभार, जो भी लागू हो, लगाया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पी.डब्ल्यू.डी. और विभागीय अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

1. अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग के माध्यम से करना होगा। आवेदन प्रपत्र के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात, अभ्यर्थियों को स्वत: ही ऑनलाइन भुगतान (जहाँ भी शुल्क लागू है) करने हेतु पुनर्निर्देशित किया जाएगा।

2. भुगतान का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपनी पात्रता की जाँच कर लें।

**चयन प्रक्रिया -**

सभी चार पदों के लिए चयन मानदंड केवल वैयक्तिक साक्षात्कार द्वारा होगा। उक्त पद के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर चयन मानदंड बदले जा सकते हैं। इस संबंध में एनबीसीसी का निर्णय अंतिम होगा।

चयनित अभ्यर्थी मूल वेतन, मंहगाई भत्ता (आई.डी.ए. पैटर्न पर), मकान किराया भत्ता और कैफेटेरिया अप्रोच के तहत अनुलब्धियाँ एवं भत्ते और कार्यनिष्पादन संबंधित वेतन (पी.आर.पी.) से युक्त पारिश्रमिक के हकदार होंगे। इसके अतिरिक्त कंपनी के नियमानुसार सी.पी.एफ., स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, उपदान, छुट्टी नकदीकरण का भुगतान किया जाएगा।

**सामान्य अनुदेश-**

1. अभ्यर्थी को पूरा विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे विज्ञापित पद के लिए पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं।

2. सभी अनिवार्य अर्हता, पूर्णकालिक तथा ए.आई.सी.टी.ई. / यू.जी.सी. / राज्य तकनीकी बोर्ड / किसी अन्य उपयुक्त निकाय से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

3. यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार समतुल्य अर्हता के रूप में एक विशेष अर्हता का दावा कर रहा है, तो अभ्यर्थी को इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश / पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें प्राधिकरण (संख्या और तिथि) का उल्लेख किया हो जिसके तहत ऐसा माना गया है अन्यथा अभ्यर्थिता / ऑनलाइन आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विशिष्ट, सही, पूर्ण सूचना प्रदान करें। आवेदन प्रपत्र में दी गई जानकारी के समर्थन में सभी मूल प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा, ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य कर दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा भर्ती के बाद अथवा कार्यग्रहण करने के बाद उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

5. अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन जमा करने के बाद आवेदन पत्र में अतिरिक्त जानकारी जोड़ने के किसी भी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

6. भारत सरकार के लागू दिशानिर्देशों के अनुसार उपर्युक्त पद के लिए यथा उल्लिखित बेंचमार्क दिव्यांगजन भी आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों हेतु आवेदन करने वाले आवेदकों की दिव्यांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए।

7. अधिकतम आयु सीमा, जब तक कि विशेष रूप से उल्लिखित न किया जाए, अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए है। अ.पि.व. (एन.सी.एल.) / दिव्यांगजन (पी.डब्ल्यू.डी.) के लिए आयु में छूट इस संबंध में सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगी। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अ.पि.व. (एन.सी.एल.) / दिव्यांगजन (पी.डब्ल्यू.डी.) अभ्यर्थियों को आवेदन प्रपत्र के साथ अपनी जाति / दिव्यांगता प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करना आवश्यक है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु सीमा में छूट, सशस्त्र बल में की गई सेवा अवधि में 3 वर्षों की अवधि जोड़कर दी जाएगी। आंतरिक अभ्यर्थियों (एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड) को आयु में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी बशर्ते कि उनकी अधिवर्षिता से पहले कम से कम तीन वर्ष की सेवा शेष हो। संविदा आधार पर कार्यरत आंतरिक अभ्यर्थी अन्य पात्रता मानदंडों तथा निबंधन और शर्तों को पूरा करने के अधीन सीधी भर्ती पर भरे जाने वाले पदों के लिए आयु में 5 वर्ष की छूट के हकदार होंगे। आरक्षित वर्ग जैसे अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (एन.सी.एल.) के अभ्यर्थी भी अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसी श्रेणी के अभ्यर्थियों को अनारक्षित पदों के लिए आयु में छूट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. आवेदन में दर्शाए गए नाम / उपनाम / नाम की वर्तनी में, शिक्षा / व्यावसायिक अर्हता / जाति इत्यादि संबंधी प्रमाणपत्र से भिन्नता पाए जाने के मामले में अभ्यर्थी को संबंधित दस्तावेज के साथ एस.डी.एम. अथवा समकक्ष द्वारा जारी उस आशय का प्रमाणपत्र, दस्तावेजों के सत्यापन के समय जमा कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। महिला के मामले में विवाह के पश्चात उपनाम बदलने के मामले में अभ्यर्थी को विवाह प्रमाणपत्र तथा इस आशय का नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र जमा करना होगा।

9. आरक्षित रिक्तियों के चयन मानकों में शिथिलता, यदि निर्धारित सामान्य मानकों के आधार पर आरक्षित वर्ग के व्यक्तियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होती है तब आरक्षित पदों को भरने के लिए सामान्य मानकों में उचित शिथिलता प्रदान की जा सकती है।

10. आयु सीमा निर्धारित करने की अंतिम तिथि, ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि होगी। परिणाम घोषित होने / अंक सूची जारी होने की तिथि को अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा तथा इस संबंध में कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी।

11. आयु सीमा और अर्हता के पश्चात अनुभव के निर्धारण की तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।

12. सरकारी, अर्ध सरकारी संगठन / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा स्वायत्तशासी निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए या साक्षात्कार के समय "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा। तथापि, अपने मूल विभाग से उचित माध्यम से आवेदन अग्रेषित करने / "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्राप्त करने में कठिनाई होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय यह वचनबंध (अंडरटेकिंग) देना होगा

कि वे अपने चयनित हो जाने पर कार्यग्रहण के समय अपने संगठन से कार्यमुक्त होने का उचित आदेश प्रस्तुत करेंगे अन्यथा उन्हें कार्य ग्रहण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13. कंपनी के विवेक / आवश्यकता के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की सहायक कंपनियों तथा संयुक्त उद्यमों सहित देश के किसी भाग या विदेश में सेवा के लिए तैयार रहना होगा।

14. जहाँ डिग्री / डिप्लोमा में सी.जी.पी.ए. / ओ.जी.पी.ए. या ग्रेडिंग सिस्टम प्रदान किए जाते हैं वहाँ विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा अपनाए गए प्रतिमानकों के अनुसार आवेदन प्रपत्र में समतुल्य अंकों की प्रतिशतता दर्शाई जाए। दस्तावेजों के सत्यापन के समय उनके विश्वविद्यालय / संस्थान से संबंधित इन प्रतिमानकों की एक प्रति अभ्यर्थी को प्रस्तुत करनी होगी।

15. अभ्यर्थियों को भविष्य में संदर्भ के लिए जमा किए गए आवेदन पत्र की प्रति को सुरक्षित रखना चाहिए।

16. कंपनी की आवश्यकता के अनुसार उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या में वृद्धि या कमी की जा सकती है।

17. एनबीसीसी के पास, बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन और / अथवा उपर्युक्त पदों में से किसी भी पद के लिए चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

18. अभ्यर्थियों को आवेदन प्रपत्र में दी गई अपनी ई-मेल आईडी को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है। ई-मेल आईडी में किसी बदलाव की अनुमति नहीं होगी।

19. उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र / अनुशेष / इरेटा केवल एनबीसीसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nbccindia.in पर **"मानव संसाधन के तहत करियर"** शीर्ष के अंतर्गत उपलब्ध होगा। इसका आगे कोई प्रेस विज्ञापन नहीं दिया जाएगा । अतः भावी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन सूचनाओं के लिए नियमित रूप से एनबीसीसी की वेबसाइट देखें।

20. अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने पक्ष में कोई भी याचना करने पर उसे अभ्यर्थिता हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा।

21. वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए आमंत्रित केवल अनु.जाति / अनु.जनजाति / पी.डब्ल्यू.डी. अभ्यर्थियों को जाने और आने की यात्रा के प्रमाण प्रस्तुत करने पर उनके घोषित आवास स्थान के निकटतम रेलवे स्टेशन / बस स्टैंड से लघुतम मार्ग से 30 किमी से अधिक यात्रा करने पर थर्ड एसी का रेल किराया या बस किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

22. इस विज्ञापन और / अथवा इसके संबंध में किए आवेदन के कारण उत्पन्न किसी दावे अथवा विवाद के किसी मामले से संबंधित किसी भी विधिक कार्यवाही का न्याय क्षेत्र केवल दिल्ली स्थित न्यायालय होंगे। अंग्रेजी से इतर संस्करण की व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी अस्पष्टता / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**23. सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे और कोई भी संचार, कूरियर / डाक या किसी अन्य माध्यम से नहीं भेजा जाएगा ।**

**वरिष्ठ कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन प्रबंधन)**